हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 27 जून 2025

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

13 स्वामी आत्मानंद विद्यालय में मां सरस्वती



14 आपातकाल में हुई लोकतंत्र की हत्या जिसके लिए...





## खबर संक्षेप

### जहरीला सांप के काटने से महिला की मौत

**बालोद।** ग्राम मटिया बी निवासी राजेश्वरी कोमर्रा 28 वर्ष की सर्पदंश से मौत हो गई। राजेश्वरी मंगलवार शाम को अपने घर के रसोई में खाना बना रही थी तभी पैर में जहरीले सांप ने काट दिया। सांप काटने की जानकारी होने के बाद महिला को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार कर गंभीर केस बताकर रेफर कर दिया। वहीं इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। इस घटना से परिवार में मातम पसरा हुआ है। परिजनों के मुताबिक महिला के दो बच्चे है, जिनकी उम्र 5 व 3 साल है। परिजनों की मानें तो मृतका राजेश्वरी शाम 7 बजे खाना बना रही थी। तभी सांप ने काटा। बुधवार को महिला के शव का गांव के मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया।

### देवरी के 10 बच्चों का विद्या आरंभ संस्कार

**गुण्डरदेही।** ग्राम देवरी प्राथमिक शाला में बुधवार को कक्षा पहली में प्रवेश लेने वाले 10 बच्चो का विद्या आरंभ संस्कार पहली से लेकर पाचवी तक पहले एवं दुसरे स्थान पर रहने वाले बच्चों का सम्मान किया गया। साथ ही नेवता भोज हेतु उपस्थित जनसमुदाय को प्रेरित किया गया ।अंत में नशामुक्त भारत अभियान में शामिल होने एवं नशा न करने हेतु सभी ने संकल्प लिया। इस अवसर पर सरपंच नुज देशमुख, गायत्री परिवार के नशामुक्त भारत अभियान प्रभारी विमल साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष रत्ना साहू, टहल चन्द्राकर, गजेन्द्र साहू, स्कुल के शिक्षक, पंच, ग्रामीण उपस्थित थे।

### प्रयास विद्यालय में सिवनी के दो बच्चों का हुआ चयन

**डौंडीलोहारा।** शासकीय पूर्व. माध्यमिक शाला सिवनी, वि. ख. डौडीलोहारा, संकुल केंद्र भरदा से कु.वर्षा पिता भेखलाल एवं कु.काजल पिता भागीरथी आलेन्द्र का चयन प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग के लिए हुआ है. कु. वर्षा अपने संवर्ग में डौडीलोहारा ब्लॉक में प्रथम स्थान पर रही, साथ ही इस विद्यालय से राष्ट्रीय सह साधन प्रावीण्य छात्रवृत्ति के लिए इन दोनों बच्चों सहित तीन बच्चों का चयन हुआ है!बच्चों के इस उपलब्धि के लिए शाला परिवार द्वारा तिलक लगाकर एवं गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य अग्रवाल सर, सी ए सी टंडन सर, श्रीमती के.कश्यप प्रधानपाठक मा शा,श्रीमती यू. साहू प्रधानपाठक प्रा शा ,शिक्षाविद डॉ के. एस. सिन्हा, शिक्षक आर. के. साहू, पी. एल. यादव, एन चिराम, एम.आर. चन्द्राकर सर सभी ने बच्चों की सफलता के लिए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ हार्दिक बधाई प्रेषित किया गया।

### जनजातीय हितग्राहियों को लाभ दिलाने अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने शासन के निर्देशानुसार धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न स्थानों में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविरों में जनजातीय परिवार के लोगों को शासन के विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किया है। इसके अंतर्गत उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को शिविरों में जनजातीय परिवार के लोगों शत प्रतिशत आधार कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड बनाने के साथ–साथ पीएम किसान सम्मान निधि से शत प्रतिशत लाभान्वित करने तथा जनजातीय परिवार के सभी हितग्राहियों का जनधन खाता खुलने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने शिविरों में जनजातीय परिवार के लोगों का अनिवार्य रूप से सिलकसेल एवं एनीमिया की जांच करने के भी निर्देश जारी किए हैं।

# ऐतिहासिक बुनियादी पाठशाला डौंडी के अस्तित्व को मिटाने की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

शासकीय बुनियादी प्राथमिक शाला डौंडी में कई पीढ़ी पढ़कर कई लोग सरकारी अधिकारी, डॉक्टर इंजीनियर और कई बड़े-बड़े पद में स्थापित हुए आज इस पाठशाला को बंद किया जा रहा है। मेहमान बनकर आया बालक पूर्व माध्यमिक शाला को विभाग ने मर्ज कर मालिक बना दिया हम बात कर रहे हैं डौंडी के लगभग 100 साल पुराने शासकीय उत्तर बुनियादी शाला की जिसे मर्ज कर उसका अस्तित्व मिटने की कोशिश की जा रही है जिस स्कूल की दीवारें आज भी अपना इतिहास बताती हैं पुरानी यादों को संजोया बुनियादी शाला की बुनियाद को ही विभाग मिटाया जा रहा है 15 अगस्त सन 1932 में अपने अस्तित्व में आया बुनियादी शाला का भवन को रानी झमित कुअर स्थापना कि थी सन 1932 के पहले भी यह स्कूल संचालित था 1932 में इसका भवन निर्माण किया गया था भवन निर्माण का शिलालेख आज भी बुनियादी शाला में स्थापित है। शालाओ के युक्तियुक्त करण के तहत ब्लॉक मुख्यालय डौंडी के शाला शासकीय उत्तर बुनियादी प्राथमिक शाला डौंडी जो कि ऐतिहासिक महत्व रखता है । शाला सन-1932 से संचालित है जिसको डौंडी रियासत की रानी ने अपनी जमीन दान में देकर भवन दान में दी और तब से यह शाला संचालित है । जिसमे डौंडी ब्लॉक के बहुत विद्यार्थी प्राथमिक शिक्षा ग्रहण कर चुके है ।

### रानी झमित कुंवर ने स्कूल की स्थापना सन 1932 में की थी



#### युक्तियुक्तकरण में मर्ज करने की कोशिश

इस शाला में डौंडी नगर पंचायत के सभी वार्ड के बच्चे अध्ययन करने आते है चूँकि युक्तियुक्त कारण के तहत बुनियादी शाला को शासकीय पूर्व माध्यमिक बालक शाला डौंडी में मर्ज किया जा रहा है । जबकि प्राथमिक शाला बुनियादी में पर्याप्त संख्या हमेशा रहती है ।पूर्व में बालक शाला पूर्व माध्यमिक शाला बालक हायर सेकेण्डरी के भवन में संचालित था । बालक पूर्व माध्यमिक शाला को संचालन व्यवस्था के तहत बुनियादी प्राथमिक शाला में लगाया जा रहा था । शिक्षा का मुख्य केंद्र डौंडी नगर के बुनियादी शाला रहा था । इस शाला के पूर्व माध्यमिक बालक शाला में मर्ज होने पर बुनियादी शाला का अस्तित्व खतरे में है। जिसका विरोध कर प्रबंधन समिति और पालकगण एवम् नगर वासी पृथक व स्वतंत्र रखने की माँग कर रहे है। बी ई ओ रोहित सिन्हा इसकी जानकारी मुझे नहीं है पुराने बी ई ओ ने किया है जानकारी मंगवाता हूं। मंजूषा कुंभकार शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष शासकीय उत्तर बुनियादी शाला डौंडी ने बताया कि यह शाला बहुत पुराना है मेरे ससुर और उनके के पिता ने भी इसी स्कूल से शिक्षा प्राप्त की है ऐसे इतिहासिक शाला को बंद ना किया जाए इस शाला को स्वतंत्र रखा जाय।

### पर्व : शोभायात्रा की भव्य तैयारी, रथ का जगह-जगह स्वागत किया जाएगा

# भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा आज निकलेगी कपिलेश्वर मंदिर से





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शहर में शुक्रवार को दोपहर 2 बजे भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा निकाली जाएगी। जिसको लेकर शहरवासियों में उत्साह देखने को मिल रहा है। शहर में स्थित श्री कपिलेश्वर मंदिर में जगन्नाथ रथ यात्र की तैयारी जोरशोर से जारी है। रथ यात्र श्री कपिलेश्वर मंदिर से निकलकर मधुचौंक, जयस्तंभ चौंक, शीतला मंदिर, नया बस स्टैंड, दल्लीचौंक, घड़ी चौंक, सदर रोड़ से नगर भ्रमण करते वापस कपिलेश्वर मंदिर पहुंचेगी। भगवान के दर्शन और रथ को खींच कर अपने आप को धन्य बनाने के लिए हर वर्ष शहर के मुख्यमार्ग पर लोगों की भीड़ उमड़ती है। रथ यात्र को देखने शहर सहित आस पास के ग्रामीण इलाकों से लोग बड़ी संख्या में पहुंचते है। श्री कपिलेश्वर मंदिर जनसेवा समिति के अनुसार आषाढ़ माह के शुक्लपक्ष की द्वितीया तिथि को रथयात्र पर्व मनाया जाता है। भगवान जगन्नाथ स्वस्थ होने के बाद भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा रथ पर बैठकर अपनी मौसी के घर जाते हैं। वे अपनी मौसी के घर सात दिन रुकते हैं।

इसके बाद वापस आते हैं। वही यह परंपरा हर साल निभाई जाती है। भगवान जगन्नाथ को तीन दिन काढ़ा पिलाया गया है। रथयात्र के लिए रथ को सजाने और रंगरोगन का कार्य पूर्णता की ओर है। इसके अलावा मंडप को नए सिरे से बनाया जा रहा है। वही शहर में श्री कपिलेश्वर मंदिर के अलावा शहर के दो अन्य जगहों से भी भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्र निकाली जाएगी।

### आज निकलेगी भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम धनोरा में श्री राधा कृष्ण मंदिर से आज रथयात्रा निकाली जाएगी। यहां भगवान जगन्नाथ की यह 51 वर्ष है। श्री राधा कृष्ण मंदिर में दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक पुजा पाठ मंदिर समिति के भक्तों द्वारा दोपहर 3 बजे से जगन्नाथ बलभद्र स्वामी व सुभद्रा देवी को रथ पर सवार किया जाएगा। रथ यात्रा भजन कीर्तन हेमंत साहू गुलाब साहू मंडली के द्वारा गली भ्रमण श्री राधा कृष्ण मंदिर से निकल कर गौराचौक गोल्डन चौक से बजरंग पारा बाबा दरबार बाजार चौक से मेनगली शितला पारा होते मंदिर प्रांगण में पहुंचकर फिर भक्तों द्वारा पुजा पाठ करके कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। इस कार्यक्रम ▶▶| शेष पेज 12पर

### 4 क्विंटल प्रसादी का करेंगे वितरण

शहर में स्थित श्री कपिलेश्वर मंदिर से निकलने वाली भगवान जगन्नाथ की यात्र में लगभग 4 क्विंटल का गजामूंग प्रसाद तैयार किया जा रहा है, जिसमें चना 1.5 क्विंटल, मूंग 40 किलो, बटरा 75 किलो, गजामुंग 50 किलो, फ़ल्ली 20 किलो सहित अन्य सामग्री शामिल है।

### 1 क्विंटल फूलों से रथ को सजाएंगे

शहर के श्री कपिलेश्वर मंदिर में भगवान जगन्नाथ का रथ नये रंग रोगन के साथ तैयार किया गया है एवं मंडप तैयार किया जा रहा है। वही शुक्रवार की सुबह लगभग 1 क्विंटल फूल से रथ को सजाया जाएगा। फूल के साथ रथ को सजाने के लिए पत्ते और कई अन्य वस्तुओं का उपयोग किया गया है।

# घुसपैठ पर सरकार सख्त नजर, संदिग्धों की सूचना के लिए हेल्पलाइन जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश में आंतरिक सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान हेतु उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर पुलिस विभाग द्वारा टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर 1800–233–1905 जारी किया गया है, जो 24 घंटे और सप्ताह के सभी दिनों में सक्रिय रहेगा।

इस हेल्पलाइन के माध्यम से राज्य का कोई भी नागरिक, अपने क्षेत्र में मौजूद संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों अथवा उनकी गतिविधियों के संबंध में सूचना सीधे पुलिस प्रशासन को दे सकता है। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी, ताकि लोग बिना किसी भय के राष्ट्रहित में सहयोग कर सकें। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि देश की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सुशासन की सरकार राज्य को घुसपैठियों और अवैध गतिविधियों से मुक्त रखने के लिए प्रतिबद्ध है। जब तक ऐसी ताकतों को जड़ से नहीं उखाड़ा जाएगा, तब तक हमारे नागरिकों की सुरक्षा और शांति खतरे में रहेगी। यह हेल्पलाइन आम जनता को एक सीधा, सुरक्षित और प्रभावी माध्यम प्रदान करती है जिससे वे देशहित में अपनी भागीदारी निभा सकें। राज्य में अवैध बांग्लादेशी नागरिको की सूचना पर पूरी ताकत के साथ जांच और पहचान कर रही है। उपमुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए हैं कि वे इस हेल्पलाइन पर प्राप्त हर सूचना को गंभीरता से लें, आवश्यक सतर्कता बरतें और जल्द से जल्द आवश्यक कार्रवाई करें। साथ ही इस अभियान को लेकर आम नागरिकों में जागरूकता फैलाने हेतु प्रचार–प्रसार के निर्देश भी दिए गए हैं।

पुलिस विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि घुसपैठ के मामलों की पुष्टि के लिए प्राप्त सूचनाओं की सत्यता की पूर्ण जांच की जाएगी, ताकि निर्दोष लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने राज्य के सभी नागरिकों से अपील की है कि यदि उन्हें अपने आस–पास किसी संदिग्ध व्यक्ति की गतिविधि अथवा पहचान पर ▶▶| शेष पेज 12 पर

# जिपं उपाध्यक्ष की शिकायत पर सीएमएचओ को हटाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



■ मरीज व मरीज के परिजनों से अभद्र व्यवहार की मुख्यमंत्री से शिकायत की

जिसपर जिला पंचायत के उपाध्यक्ष और रेडक्रॉस के चेयरमैन तोमन साहू की नाराजगी स्वास्थ विभाग के सी.एम.एच.ओ को भारी पड़ गई। तोमन साहू द्वारा मुख्यमंत्री को की गई शिकायत के बाद अंततः राज्य सरकार ने सी.एम.एच.ओ एम.के सूर्यवंशी को पद से हटा दिया गया है। वे जिला अस्पताल मे एक चिकित्सक के रूप मे कार्य करते रहेंगे। नए सी.एम.एच.ओ. को अभी पदस्थ नही किया गया है तब तक वे कार्य संभालते रहेंगे।

स्वास्थ विभाग मे कथित धांधली, कार्य मे लापरवाही, मरीज व मरीज के परिजनो से अभद्र व्यवहार से नाराज जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू ने मुख्यमंत्री के बालोद जिला प्रवास के दौरान शिकायत की थी। मामला जिला पंचायत की सामान्य सभा मे उठा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वास्थ विभाग द्वारा की गई विभिन्न खरीदी मे बड़े पैमाने पर धांधली की शिकायते आई थी। जिनमे डौण्डी ब्लाक के तीन ग्राम मे एनेमिया की जांच के लिए आई किट के लिए ही डी.एम.एफ फंड से 48 लाख खर्च करने का मामला सुर्खीयो मे रहा। इसके अतिरिक्त विभाग मे भर्ती करने, नियम विरूद्ध पदोन्नत करने, मरीज के परिजनो से अभद्र व्यवहार करने जैसे कई गंभीर आरोप सहित अन्य गड़बड़ियो की लगातार शिकायते आ रही थी। प्राप्त विभिन्न शिकायतो एवं बिगड़ते स्वास्थ व्यवस्था को देखते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू ने सुशासन तिहार के तहत बालोद जिला पहुंचे मुख्यमंत्री से शिकायत की थी। तोमन साहू ने कहा पिछले कुछ समय से लगातार स्वास्थ्य विभाग में वित्तीय अनियमितता की शिकायतें आ रही थी, जिसको लेकर जिला पंचायत की सामान्य सभा में मुद्दा उठा था, जिसमे जांच बैठाने को कहा था एवं सुशासन त्यौहार के दौरान मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान भी इस विषय को संज्ञान में लाया गया था, जिसके चलते ही स्वास्थ्य विभाग में सर्जरी हुई है, आगे भी जनता की इस प्रकार की शिकायत पाए जाने पर मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाया जाएगा, जनहित के मुद्दों पर कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं होगी

# दिव्यांग यादराम को मिली इलेक्ट्रिक सायकिल



**कुसुमकसा।** योगेंद्र सिन्हा (गाँधी ) मंडल अध्यक्ष कुसुमकसा के प्रयास से आज ग्राम पंचायत गुजरा के निवासी बचपन से विकलांग यादराम को तीन चक्का इलेक्ट्रिक सायकल प्रदाय किया गया ,साथ में हितेश साहू उपाध्यक्ष भाजपा मंडल डोंडी उपस्थित थे ,योगेंद्र सिन्हा ने बताया की तीन माह पूर्व ग्राम गुजरा दौरे के दरम्यान यादराम के विकलांगता के कारण उसे आने-जाने में बहुत परेशानियां होती है , यादराम पेशे से कलाकार है। याद राम के द्वारा तीन माह पूर्व इलेक्ट्रॉनिक साइकिल की मांग की गई थी जिसे गंभीरता से देखते हुए मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिन्हा व मंडल के उपाध्यक्ष हितेश साहू ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए उसको तीन ▶▶| शेष पेज 12 पर

# मुल्लेगुड़ा और पोड़ के लाभ संतृप्ति शिविरों से सैकड़ों ग्रामीण लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, मुद्रा लोन, उज्वला गैस कनेक्शन, श्रम कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड का वितरण

धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम मुल्लेगुड़ा, डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम मंगचुवा एवं गुरूर विकासखण्ड के ग्राम पोड़ में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविरों में आदिवासी समाज के लोगों एवं हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

इन गांवों में आयोजित शिविरों में आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, मुद्रा लोन, उज्वला गैस कनेक्शन, श्रम कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड आदि विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित होकर हितग्राही बहुत ही प्रसन्नचित नजर आ रहे थे। आज जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम मुल्लेगुड़ा, डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम मंगचुवा एवं गुरूर विकासखण्ड के ग्राम पोड़ में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावा बड़ी संख्या में आदिवासी वर्ग के हितग्राही एवं ग्रामीण शामिल हुए। इसी कड़ी में आज बालोद विकासखण्ड के ग्राम मुल्लेगुड़ा में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में 18 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 20 हितग्राहियों को जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, 01 हितग्राही को विद्युत सोलर कनेक्शन, 01 हितग्राही को वृद्धा पेंशन योजना, 08 हितग्राहियों को अधिवास प्रमाण पत्र से प्रदान किया गया। इसी तरह शिविर में 33 हितग्राहियों का सिकलसेल एवं एनीमिया जाँच भी किया गया। इसी तरह डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम मंगचुवा में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर ▶▶| शेष पेज 12 पर

### सेवाओं की गुणवत्ता सुधार के दिए निर्देश

# कलेक्टर ने क्रेडा व परिवहन विभाग की योजनाओं की समीक्षा की

हरिभूमिन्यूज ▶▶| बालोद



कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने गुरुवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक लेकर क्रेडा विभाग तथा परिवहन विभाग की योजनाओं और कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने विभागों के अधिकारियों से विस्तृत चर्चा करते हुए विभाग में चल रही योजनाओं एवं कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।

क्रेडा विभाग के जिला प्रभारी प्रदीप माहेश्वरी ने बालोद जिले में क्रेडा अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं और क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। माहेश्वरी ने बताया कि जिले में क्रेडा अंतगत प्रमुख रूप से सौर सुजला योजना, जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित सोलर ड्यूल पंप, सोलर हाईमास्ट लाइट, स्वास्थ्य केंद्रों में स्थापित सोलर पावर प्लांट, सोलर जलशुद्धिकरण संयंत्र, सोलर स्ट्रीट लाइट, और गांव गंगा तालाब भराई योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने जिले में कार्यरत 09 सर्विस प्रोवाइडरों और उनके कार्यों का ब्यौरा भी प्रस्तुत किया।

**सड़क सुरक्षा को लेकर सख्त हुए कलेक्टर, परिवहन विभाग को दिए दिशा–निर्देश :** कलेक्टर मिश्रा ने परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक में परिवहन अधिकारी को जिले में संचालित बसों के नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए, ताकि यात्रियों की सुरक्षा और परिवहन सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने परिवहन विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यों, जैसे ड्राइविंग लाइसेंस निर्माण, वाहनों के फिटनेस प्रमाण पत्र, परिवहन सुविधा केंद्र, और हाई–सिक्योरिटी नंबर प्लेट की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने परिवहन अधिकारियों को इन कार्यों में पारदर्शिता और समयबद्धता ▶▶| शेष पेज 12 पर

### सौर ऊर्जा को लेकर दिए महत्वपूर्ण निर्देश

कलेक्टर मिश्रा ने क्रेडा विभाग के अधिकारियों को सभी योजनाओं के बेहतर और समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करने और मेंटेनेंस कार्य को त्वरित गति से करने पर जोर दिया। इस अवसर पर उन्होंने सौर ऊर्जा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सौर ऊर्जा न केवल पर्यावरण के लिए अनुकूल है, बल्कि यह बिजली की उपलब्धता बढ़ाने और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कलेक्टर ने सौर ऊर्जा योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने और इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा आधारित योजनाएं न केवल ऊर्जा संरक्षण में योगदान देती हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में भी सहायक हैं। बैठक में क्रेडा विभाग के अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी निगरानी और रखरखाव के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए गए।

## खबर संक्षेप

### भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा आज



**डौंडीलोहारा।** रथयात्रा के पावन अवसर पर डौंडी लोहारा श्री राम दरबार मंदिर से भगवान श्री जगन्नाथ अपनी छोटी बहन सुभद्रा व भाई बलभद्र के साथ नगर भ्रमण हेतु रथारूढ़ हो कर निकलेंगे। डौंडी लोहारा राजपरिवार द्वारा महाप्रभु जगन्नाथ के लिए रथ का निर्माण कराया गया है साथ ही नगर के युवाओं में भी रथयात्रा हेतु अद्भुत उत्साह बना हुआ है श्री राम मंदिर समिति के सदस्यगणों ने बताया कि आज शाम 4 बजे महाप्रभु की आरती के बाद रथयात्रा श्रीराम मंदिर प्रांगण से आरंभ होगी व संजयनगर, बाजार चौक, विवेकानंद चौक, रामनगर, टिकरापारा, ब्राह्मण पारा, सदर लाइन होते हुए सम्पूर्ण नगर भ्रमण करते हुए पुनः श्रीराम मंदिर प्रांगण पर यात्रा का विश्राम होगा, नगर के श्री हनुमंत भक्त सेवा समिति के सदस्यगण पूरे उत्साह के साथ आयोजन की तैयारी हेतु जुटे हुए हैं। सीताराम मंडली भजन कीर्तन के साथ रथ की अगुवाई करेगी, रथ में विशेष डोर का भी प्रबंध किया जा रहा है जिससे नगरवासी भी रथ खींचने में अपनी भागीदारी दे सकें साथ ही नगर के श्री हनुमंत भक्त सेवा समिति व हनुमान जन्मोत्सव समिति द्वारा समस्त क्षेत्रवासियों को इस आयोजन में शामिल हो कर महाप्रभु के उत्सव को भव्यता प्रदान करने निवेदन किया गया है। उक्त कार्यक्रम के पश्चात राम मंदिर प्रांगण में महाप्रसादी वितरण का भी प्रबंध किया गया है।

### बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर

**दल्लीराजहरा।** छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश में आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने और अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान के लिए पुलिस विभाग द्वारा टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1800-233-1905 जारी किया है। यह हेल्पलाइन 24 घंटे और सप्ताह के सभी दिनों में सक्रिय रहेगी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी संदिग्ध बांग्लादेशी व्यक्ति या उसकी गतिविधियों के बारे में कोई जानकारी हो, तो वे बिना झिझक इस नंबर पर सूचना दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी, जिससे लोग निर्भय होकर देशहित में सहयोग कर सकें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार छत्तीसगढ़ को घुसपैठ और अवैध गतिविधियों से मुक्त रखने के लिए प्रतिबद्ध है। जब तक ऐसी ताकतों का समूल नाश नहीं किया जाएगा, तब तक नागरिकों की सुरक्षा और शांति सुनिश्चित नहीं की जा सकती। पुलिस विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि हेल्पलाइन पर प्राप्त हर सूचना की गंभीरता से जांच की जाए और उचित कार्रवाई की जाए। साथ ही अभियान के प्रति नागरिकों में जागरूकता लाने के लिए प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा। यह भी स्पष्ट किया गया है कि किसी निर्दोष व्यक्ति को कोई परेशानी न हो, इसके लिए सूचनाओं की पूरी जांच की जाएगी। प्रदेशवासियों से अपील की गई है कि यदि उन्हें अपने आस-पास किसी संदिग्ध व्यक्ति की पहचान या गतिविधियों पर संदेह हो, तो तुरंत 1800-233-1905 पर संपर्क करें। यह हम सबकी साझा जिम्मेदारी है कि हम छत्तीसगढ़ को सुरक्षित, शांतिपूर्ण और मजबूत बनाए रखें।

**आयोजन**

**नशा से दूर रहना तरक्की का एकमात्र रास्ता**

# अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर बालोद में जागरूकता रैली व कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर गुरुवार को बालोद जिले के स्कूलों व कालेज में कार्यक्रम आयोजित किया गया। राज्य चेयरमैन रेडक्रास छत्तीसगढ तोमन साहू के आदेशानुसार एवं चेयरमेन जिला बालोद डॉ. प्रदीप जैन एवं जिला शिक्षा अधिकारी बालोद पीसी मरकले के मार्गदर्शन में जिले के स्कूलों एवं कालेजों में अन्तर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर रैली, चित्रकला, रंगोली, वाद विवाद, नुक्कड़ नाटक के द्वारा लोगों में जागरूकता लाने को प्रयास किया गया। इस दौरान वक्ताओ ने कहा अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस को मनाने की शुरुआत लोगों को नशे के लत से रोकने के उदेश्य से हुई थी। नशे की आदत बहुत बुरी होती है, जो महज आपकी सेहत ही नहीं खराब करती, बल्कि आपको आर्थिक तंगी का शिकार बना सकती है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 7 सितम्बर 1987 की बैठक में प्रति वर्ष 26 जून को अन्तर्राष्ट्रीय निषेध दिवस मनाने पारित किया था, नशीली दवाओं के गैर–कानूनी इस्तेमाल और अवैध तस्करी रोकने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस मनाने की बात कही गयी थी। डॉ. एम के सूर्यवंशी ने बताया कि आज भारत देश का 60 प्रतिशत युवा नशे के गिरफ्त में हैं, बहुसंख्यक युवा नशे के कारण असमय काल के गाल में समा रहे हैं। कई प्रकार की बीमारी जैसे अल्सर, कैंसर, नपुंसकता, आंतों की बीमारी, बीपी शुगर व अन्य बीमारियां उन्हें घेर रही है। ऐसे लोगों को समझाने व रोकने के लिए जिले के विभिन्न संस्थाओं ने रैली निकालकर, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला, रंगोली, बनाकर नशे से दूर रहने का संदेश दिया।







## चिखली स्कूल में नशा निषेध दिवस पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम



**दल्लीराजहरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिखली में नशा निषेध दिवस के अवसर पर जनजागरूकता के उद्देश्य से एक प्रभावशाली एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि विद्यार्थियों ने नशे की विभिन्न सामग्रियों–जैसे सिगरेट, शराब, गुटखा आदि का रूप धारण कर नशे के दुष्परिणामों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। इन रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों ने आमजन को यह संदेश दिया कि नशा विनाश का मार्ग है, इससे दूरी ही जीवन की सुरक्षा है। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य विनिता सैनी सहित एस.के. ठाकुर, जे.आर. साहू, डी.डी. जोशी, ईश्वरलाल बघेल, यसित, यमित, खिलेन्द्र युगल, नमन, कुणाल, थमेश, कौशिक, प्रशांत, रिंकू एवं रेडक्रॉस प्रभारी चंद्रशेखर पवार उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण में सहभागी बनने का संकल्प लिया।

## नशा छोड़ो-जीवन जोड़ो का संदेश दिया चिखली स्कूल के बच्चों ने

**दल्लीराजहरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिखली में नशा निषेध दिवस के अवसर पर जनजागरूकता के उद्देश्य से एक प्रभावशाली एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि विद्यार्थियों ने नशे की विभिन्न सामग्रियों – जैसे सिगरेट, शराब, गुटखा आदि – का रूप धारण कर नशे के दुष्परिणामों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। इन रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों ने आमजन को यह संदेश दिया कि नशा विनाश का मार्ग है, इससे दूरी ही जीवन की सुरक्षा है। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य विनिता सैनी सहित एस.के. ठाकुर, जे.आर. साहू, डी.डी. जोशी, ईश्वरलाल बघेल,



यसित, यमित, खिलेन्द्र युगल, नमन, कुणाल, थमेश, कौशिक, प्रशांत, रिंकू एवं रेडक्रॉस प्रभारी चंद्रशेखर पवार उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण में सहभागी बनने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के माध्यम से समाज में यह जागरूकता फैलाना था कि नशा केवल व्यक्ति नहीं, पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। विद्यार्थियों की प्रस्तुति ने सभी उपस्थितजनों को भावुक कर दिया और नशा छोड़ने की प्रेरणा दी। /"एक कदम नशा मुक्ति की ओर/" जैसे नारों से गूंजते इस कार्यक्रम ने यह सिद्ध कर दिया कि नशे के खिलाफ लड़ाई में विद्यालयों की भूमिका अहम है – और जब जागरूकता की अलख विद्यार्थी जगाते हैं, तो बदलाव निश्चित होता है।

## शासकीय अस्पताल में चिकित्सकों की कमी के बाद भी बीएमओ को तबादला

**डौंडीलोहारा।** नगर के शा अस्पताल में डॉ की कमी काफी पहले से बनी हुई है ऐसे में शा अस्पताल के प्रमुख चिकित्सक व बी एम ओ डॉ विनोद चौरका का अन्यत्र स्थानान्तरण कर दिया गया है। आमलोगों को जानकारी मिलने के बाद शासन के इस निर्णय पर नाराजगी जाहिर की जा रही है साथ ही साथ स्थानान्तरण नही रुकने की दशा में वृहद आंदोलन की रणनीति भी बनाई जा रही है।उल्लेखनीय है कि शा अस्पताल के प्रमुख चिकित्सक जिन्होंने काफी लंबे समय से शा अस्पताल में सेवा देते हुए नगर सहित समूचे अंचल में अपनी अलग ही छाप छोड़ी है।उनके यहाँ से अन्यत्र चले जाने से नगर के शा अस्पताल की स्वास्थ्य सेवा चरमरा जाएगी व लोग परेशान होते रहेंगे।क्षेत्रीय विधायक अनिला भेड़िया ने कहा कि डौंडीलोहारा क्षेत्र में नगर में सबसे बड़ा शा अस्पताल के प्रमुख डॉ का स्थानान्तरण चिंता का विषय है ऐसे में क्षेत्र की चिकित्सा व्यवस्था चरमरा जाएगी।पहले से ही अस्पताल में चिकित्सक की कमी बनी हुई है नए डॉ की नियुक्ति के बजाय सेवारत डॉ का स्थानान्तरण किया जा रहा है लोगो मे आक्रोश है।किसी भी अप्रिय स्थिति के लिए शासन की जिम्मेदारी होगी।

- कांग्रेस ने जताया विरोध दिया आंदोलन की चेतावनी

### चिकित्सा सेवा पर बुरा असर पड़ेगा

कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि अनिल लोढा ने कहा कि डॉ चौरका नगर के शा अस्पताल के आधार स्तम्भ है उन्होंने चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवा प्रदान की है।उनके ट्रांसफर से क्षेत्र की चिकित्सा सेवा पर बुरा असर पड़ेगा।कांग्रेस के महामंत्री हस्तीमल सांखला ने कहा कि अस्पताल में वैसे ही डॉ की कमी है विशेषज्ञों के पद खाली है ऐसे में अस्पताल के प्रमुख डॉ का स्थानान्तरण समझ से परे है।पूर्व जीवनदीप समिति के अध्यक्ष ताराचंद लोढा ने कहा कि अस्पताल में मोबाईल ड्यूटी करने वाले प्रमुख चिकित्सक डॉ चौरका के स्थानान्तरण से मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा ।ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल प्रजापति व महामंत्री मेघनाथ साहू ने कहा कि प्रमुख चिकित्सक डॉ चौरका के स्थानान्तरण नही रुकने की दशा में वृहद आंदोलन किया जाएगा।गोविंद चंद्राकर माधव गिरी गोस्वामी राजाराम तारम, राजेन्द्र निषाद, किशोर दीवान, राकेश सांखला, जुगरु बघेल, विकास लोढा, गोपीनारायण साहू, हर्षित लोढा ,सरोज पटेल, फरीद सिद्दीकी, गुलाब भन्साली सहित नगर के प्रबुद्ध वर्ग के लोगों ने शासन से डॉ चौरका के स्थानान्तरण को निरस्त करते हुए अस्पताल के अन्य खाली पदों पर शीघ्र ही पद भरने की मांग की गई है।

**आपात काल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर संगोष्ठी आयोजित की**

## भारत में आपातकाल की घोषणा आंतरिक अशांति के आधार पर की गई थी : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

भारतीय जनता पार्टी मण्डल ओटेबंद के द्वारा भाठागाव आर में आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर संगोष्ठी आयोजित कि गई कार्य क्रम के मुख्य वक्ता पूर्व विधायक वीरेन्द्र साहू, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष लेख राम साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ठाकुर राम चंद्राकर, मण्डल अध्यक्ष कुलदीप साहू, जिला सह संयोजक कमलेश पाण्डे, मण्डल संयोजक थानसिंह मंडावी , सह संयोजक कौशल किशोर साहू, के. के. साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष श्रीकांत वर्मा, खुशाल साहू ने संबोधित किया, मुख्य वक्ता पूर्व विधायक वीरेन्द्र साहू ने कहा कि सन 1975 में भारत में आपात काल की घोषणा आंतरिक अशांति के आधार पर की गई थी, तत्कालीन



प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी ने 25 जून,1975 को यह घोषणा की जिसे संविधान के अनुच्छेद 352 के तहत राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने लागू किया आपातकाल के दौरान नागरिकों के मौलिक अधिकारों को निलंबित कर दिया गया था प्रेस पर सेंसरशिप लगा दी गई थी और कई राजनीतिक विरोधियों को गिरफ्तार कर लिया गया था इस फैसले ने भारत के राजनीतिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण और विवादास्पद मोड़ दिया , हम सब उन सत्याग्रहियों को नमन करते हैं जिन्होंने भीषण यातनाएं सहने के बाद भी आपातकाल का विरोध किया और लोकतांत्रिक मूल्यों को संजोकर रखा संगोष्ठी की संचालन थानसिंह मंडावी एवं महामंत्री तुलेश्वर चंद्राकर ने किया, इस संगोष्ठी में जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरी, जनपद सदस्य हेमलता देशलहरा, संध्या मनोज खरे, सरपंच ज्योतेश्वरी साहू, लक्ष्मी ठाकुर, खेदिया यादव, उपसरपंच नीता बंजारे, भूपेन्द्र निषाद, भगवान सिंह कतलम, धनेश चंद्राकर, चूरामन लाल साहू, उमाशंकर नेताम, पुखराज निर्मलकर, योगेश शर्मा, भूपेन्द्र देवांगन, कुणाल कुर्रे, सुदर्शन साहू, चित्रकांत कतलम, वेदप्रकाश साहू, दूज राम साहू, तुलसी साहू, डोमन साहू, लखन लाल मंडावी , रमेश चंद्राकर, राजेंद्र चंद्राकर, दालसिंह मंडावी, देवकुमार साहू, अनूप देशमुख, परमानंद देवांगन, मया राम देवांगन, कमल मानिकपुरी, ब्रह्मा देवांगन, कविता साहू, राधा रातरे, ज्योति प्रकाश साहू, भुनेश्वरी देवांगन, भामनी साहू, टिकेश्वरी साहू, स्वीपनल शर्मा, सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### 1975 कांग्रेस ने सत्ता को बचाने के लिए आपातकाल लागू करने की साजिश की

**गुण्डरदेही।** भाजपा मंडल गुण्डरदेही द्वारा ग्राम रजोली में 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल को देश के लोकतंत्र पर सबसे बड़ा हमला बताते हुए संगोष्ठी का आयोजन किया गया। आपातकाल के 50 वर्ष पर आयोजित संगोष्ठी पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने कहा कि आपातकाल कोई राष्ट्रीय संकट नहीं बल्कि एक डरी हुई प्रधानमंत्री की सत्ता बचाने की साजिश थी। इस दौरान लाखों लोगों को बिना मुकदमे जेल में डाला गया, जिसमें जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेई, लालकृष्ण आडवाणी जैसे नेता शामिल थे। भारतीय जनता पाटएँ द्वारा आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर सभी जिले में इसे 'सविधान हत्या दिवस' के रूप में मना रही है लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया जा रहा है और जनता को आपातकाल का काला सच बताया जा रहा है। कार्यक्रम प्रभारी जिला भाजपा उपाध्यक्ष नरेश यदु ने कहा कि उस समय लोकतंत्र के तीनों स्तंभ विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका को बंधक बना दिया गया था, प्रेस की आजादी पर



बड़ा हमला हुआ और कई पत्रकारों को जेल में डाल दिया गया। कांग्रेस अब भी लोकतंत्र को सिर्फ सत्ता हथियाने का औजार मानती है। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से पूर्व विधायक राजेंद्र राय, मंडल अध्यक्ष युवराज मारकंडे, मंडल उपाध्यक्ष हरीश निषाद, महामंत्री शैल महोबिया, विनोद चंद्राकर, मंडल कोषाध्यक्ष छगन सोनकर, विकास जैन, हेमंत चंद्राकर, शैलेंद्र निषाद, कामता निर्मलकर, लक्ष्मीकांत साहू, अशोक महोबिया, मदन साहू, नमिता साहू, जीतेश्वरी ठाकुर, शिव साहू, मिलन साहू, अनूप नामदेव, कादिर मंसूरी, भूषण साहू, दयानंद सिन्हा और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

### कांग्रेस ने आपातकाल थोप कर लोकतंत्र की हत्या की : जितेंद्र

**गुरूर।** भारतीय जनता पाटएँ मंडल गुरुर में आपातकाल के काले अध्याय 25 जून 1975 के 50 वर्ष पूर्ण होने पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जिला अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा बालोद जितेन्द्र साहू थे। उन्होंने लोकतंत्र की हत्या के उस काल को अपने व्यक्तव्य से कार्यकर्ता एवं जनता को अवगत कराया, उन्होने बताया कांग्रेस के तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने मध्य रात्रि को कानून के गलत उपयोग करके आंतरिक सुरक्षा का आड़ लेते हुए देश पर आपातकाल कानून थोपा, जिसमे भारतीय जनता पाटएँ के साथ विपक्षी सभी दलों को दबाने के लिए उनके नेताओ को जेल में डाल दिया, उनके साथ अत्याचार किया उन्होंने बहुत सी पाबंदी लगाई और अपने पद को बचाने के लिए हर संभव प्रयास किये। कार्यक्रम के पश्चात भारतीय जनता पाटएँ मंडल गुरुर के समस्त कार्यकर्ता रैली के माध्यम से नगर भ्रमण करते हुए मीसा बंदी रहे पूर्व विधायक स्व.मिश्रीलाल खत्री के निवास पहुंचे और उनकी धर्मपत्नी पुष्पा देशी खत्री से भेंट कर उनका हाल–चाल जाना और उन्हें शाल, श्रीफल, साड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया, पुष्पा देवी ने आपातकाल के समय के कठोर समय की यादों को भी सभी के साथ साझा किया। भाजपा एक ऐसी पाटएँ है जो देश हित मे काम करें अपना सर्वश्व न्योछावर करे वो चाहे जिस दल का हो सभी का सम्मान करती है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष आनंद शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष ईशा प्रकाश साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष यादवराम साहू, मंडल उपाध्यक्ष लेखक चतुर्वेदी, प्रेम कलिहारी, गणेश्वरी खरेंद्र, महामंत्री ताम्रज यादव, लिखेस्वर साहू, मंत्री दिनेश्वरी सिंहा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष कुंती सिन्हा, राजेश दीवान, पार्षद अनाराम यादव, नारायण टेके, मधु जगदल्ले, चंद्रलता साहू, जितेश्वरी निषाद, बिंद्रा यादव, गिरधर ठाकुर, अनुसिया ध्रुव, कमलेश ओझा, चंदन सिन्हा, ललिता पिमन साहू, टिकेश्वरी साहू, जनपद सदस्य सुभद्रा साहू, तारादेवी यादव, तानसिंग देहारी, हरिओम श्याम, भारत सार्वा, चंद्रप्रकाश गांधी, विजय मगेंद्र, फागु सिन्हा, जीवन साहू, आकाश साहू, रवि साहू, अनमोल बग्गा, प्रमोद सिन्हा, टक्कू लोहले एवं अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

**भाजपा ओटेबंद मंडल ने आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर की संगोष्ठी**

## आपातकाल लोकतंत्र की मर्यादा के विपरीत, कांग्रेस ने की ज्यादती

हरिभूम न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

भारतीय जनता पाटएँ मण्डल ओटेबंद द्वारा भाठागाव आर में आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व विधायक वीरेन्द्र साहू, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष लेखराम साहू जिला उपाध्यक्ष ठाकुर राम चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहू, जिला सह संयोजक कमलेश पाण्डे, मण्डल संयोजक थानसिंह मंडावी, सह संयोजक कौशल किशोर साहू, केके. साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष श्रीकांत वर्मा, खुशाल साहू ने संबोधित किया।

पूर्व विधायक वीरेन्द्र साहू ने कहा कि सन 1975 में भारत में आपात काल की घोषणा आंतरिक अशांति के आधार पर की गई थी, तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 को यह घोषणा की। जिसे संविधान के



अनुच्छेद 352 के तहत राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने लागू किया। आपातकाल के दौरान नागरिकों के मौलिक अधिकारों को निलंबित कर दिया गया था प्रेस पर सेंसरशिप लगा दी गई थी और कई राजनीतिक विरोधियों को गिरफ्तार कर लिया गया था, इस फैसले ने भारत के राजनीतिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण और विवादास्पद मोड़ दिया, हम सब उन सत्याग्रहियों को नमन करते हैं जिन्होंने भीषण यातनाएं सहने के बाद भी आपातकाल का विरोध किया और लोकतांत्रिक मूल्यों को संजोकर रखा, संगोष्ठी की संचालन थानसिंह मंडावी एवं महामंत्री तुलेश्वर चंद्राकर ने किया।

संगोष्ठी में जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरी, जनपद सदस्य हेमलता देशलहरा, संध्या मनोज खरे, सरपंच ज्योतेश्वरी साहू, लक्ष्मी ठाकुर, खेदिया यादव, उपसरपंच नीता बंजारे, भूपेन्द्र निषाद, भगवान सिंह कतलम, धनेश चंद्राकर, चूरामन लाल साहू, उमाशंकर नेताम, पुखराज निर्मलकर, योगेश शर्मा, भूपेन्द्र देवांगन, कुणाल कुर्रे, सुदर्शन साहू, चित्रकांत कतलम, वेदप्रकाश साहू, दूज राम साहू, तुलसी साहू, डोमन साहू, लखन लाल मंडावी, रमेश चंद्राकर, राजेंद्र चंद्राकर, दालसिंह मंडावी, देवकुमार साहू, अनूप देशमुख, परमानंद देवांगन, मया राम देवांगन, कमल मानिकपुरी, ब्रह्मा देवांगन, कविता साहू, राधा रातरे, ज्योति प्रकाश साहू, भुनेश्वरी देवांगन, भामनी साहू, टिकेश्वरी साहू, स्वीपनल शर्मा, सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष

### आज निकलेगी भगवान ...

में मुख्य रूप से शामिल रहेंगे। झबबू , फुदुक, राम साहू, मनसुखा साहू, ढालू राम साहू, वासुदेव, सुखी राम, पुनाराम, मनोज पटेल, रमेश पटेल, छनू यादव, रजऊ साहू, देसु राम साहू, धरमराज साहू, बसंत साहू, बुध कुमार साहू, शिवचरण साहू नंद सेन, दीपक साहू, कपुरचंद साहू, आदि भक्त इस कार्यक्रम में शामिल रहेगे।

### घुसपैठ पर सरकार ...

संदेह हो तो वे तुरंत टोल फ्री नम्बर 1800–233–1905 पर संपर्क करें। यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम छत्तीसगढ़ को सुरक्षित, शांतिपूर्ण और सशक्त बनाए रखें।

### दिव्यांग यादराम को ...

चक्का इलेक्ट्रानिक सायकल उपलब्ध कराया , इस हेतु चेमन देशमुख अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी जिला बालोद का आभार व्यक्त किया ,यादराम तीन चक्का इलेक्ट्रानिक सायकल मिलने पर हर्ष व्यक्त करते हुए भाजपा मंडल को धन्यवाद दिया।

### मुल्लेगुड़ा और पोड़ ...

में 05 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 09 हितग्राहियों को आधार कार्ड, 46 हितग्राहियों को नया राशन कार्ड, 04 हितग्राहियों को जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, 02 हितग्राहियों को विद्युत सोलर कनेक्शन से लाभान्वित किया गया। इस तरह शिविर में 15 हितग्राहियों का सिकलसेल एवं एनीमिया जाँच किया गया। इसके अलावा शिविर स्थल पर स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। आज बालोद विकासखण्ड के ग्राम देवारभाट में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत बालोद की अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती टेमरिया उपस्थित थे। विशेष अतिथि के रूप में जनपद सस्दय अमृता नेताम उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने क्रेडा व ...

बनाए रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर मिश्रा ने विशेष रूप से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने परिवहन विभाग को स्कूलों और कॉलेजों में विद्यार्थियों के लिए सड़क सुरक्षा अंतर्गत हेलमेट के उपयोग, और ड्राइविंग लाइसेंस की अनिवार्यता को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जागरूकता कार्यक्रमों के प्रभावी योजना तैयार करने पर बल दिया, ताकि युवाओं में सुरक्षित ड्राइविंग की आदतें विकसित हों और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। कलेक्टर ने कहा कि सड़क सुरक्षा हम सबकी साझा जिम्मेदारी है। विशेषकर युवाओं को हेलमेट और नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना जरूरी है।

## खबर संक्षेप



### शहर सौंदर्यकरण कार्य को लेकर कब्जा हटाने की कार्रवाई तेज

**बालोद।** शहर के दल्ली चौंक से पाररास तक सौंदार्यकरण के तहत सड़क चौड़ीकरण व डिवाइडर निर्माण प्रस्तावित है। निर्माण कार्य के लिए पीडब्ल्यूडी के आंकलन और लाइनिंग के आधार पर राजस्व विभाग ने 137 लोगों को स्वेच्छा पूर्वक कब्जा हटाने का निर्देश दिया था। कब्जा हटाने के लिए गुरूवार तक समय मांगा गया था, गुरुवार की शाम तक प्रायः लोगों ने अपना कब्जा हटा लिया और दुकानदारों ने पीडब्ल्यूडी द्वारा लाइनिंग किये गए क्षेत्र से हटाकर अपना दुकान लगाया और कई दुकानदारों ने शुक्रवार की सुबह दुकान हटाने का निर्णय लिया है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि लोगों द्वारा स्वेच्छा से शुक्रवार को कब्जा नहीं हटाया जाएगा तो विभाग द्वारा बुल्डोजर कार्यवाही की जाएगी।

### विस सत्र के दौरान छुट्टी पर लगा प्रतिबंध

**दल्लीराजहरा।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का षष्ठम-सत्र 14 जुलाई से 18 जुलाई 2025 तक आयोजित किया जाएगा। सत्र की अवधि में सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध रहेगा। अपर कलेक्टर ने बताया कि सत्र के दौरान शासन को आवश्यक जानकारी निर्धारित समय-सीमा में प्रेषित करनी होगी, जिसके लिए अधिकारी-कर्मचारियों की मुख्यालय में उपस्थिति अनिवार्य है। बिना कलेक्टर की पूर्व अनुमति के न तो कोई अवकाश स्वीकृत किया जाएगा और न ही कोई अधिकारी मुख्यालय से बाहर रह सकेगा। सभी कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने कार्यालय में एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति सुनिश्चित करें तथा उसका नाम, पदनाम, दूरभाष एवं मोबाइल नंबर तत्काल जिला कार्यालय को उपलब्ध कराएं। विधानसभा सत्र के लिए अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा को नोडल अधिकारी तथा अधीक्षक अश्विनी नायक को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### पोड़ के लाभ संतृप्ति शिविर से ग्रामीण लाभान्वित



**गुरूर।** धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम पोड़ में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविरों में आदिवासी समाज के लोगों एवं हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इन गांवों में आयोजित शिविरों में आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, मुद्रा लोन, उज्वला गैस कनेक्शन, श्रम कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड आदि विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित होकर हितग्राही बहुत ही प्रसन्नचित नजर आ रहे थे। आज जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम पोड़ में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावा बड़ी संख्या में आदिवासी वर्ग के हितग्राही एवं ग्रामीण शामिल हुए। धरती आबा अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत पोड़ मे जनपद अध्यक्ष सुनीता संजय साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष पुरूर टुके"वर पांडे, जनपद सदस्य हेमंत साहू, अजित कुंजाम, कौशिल्या चन्द्रवंशी, जनपद सदस्य लता लक्ष्मी, ग्राम पंचायत पोंड के पंच उपस्थित थे।

## आयोजन

### नव प्रवेशी बच्चों का तिलक वंदन एवं पुष्प गुच्छ भेंट करते किया स्वागत

# स्वामी आत्मानंद विद्यालय में मां सरस्वती की पूजा-अर्चना करके मनाया प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खलारी मे शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम श्रीमती प्रीति उर्वशा जनपद सदस्य के मुख्य अतिथि ,श्रीमती एस जॉनसन प्राचार्य सेजेस खलारी की अध्यक्षता व उप सरपंच पुखराज निषाद, शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एली राम साहू के विशेष अतिथि में संपन्न हुआ। भारतीय संस्कृति एवं परंपरा अनुसार विधि-विधान के साथ पधारें हुए अतिथियों के कर-कमलों से संस्कृताचार्य श्री संजय खरे के द्वारा मंत्रोच्चार के साथ भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी एवं अनुकुलता की देवी माँ सरस्वती के तैल्य चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत-गान गणित संकाय के छात्रा गुंजा निषाद एवं मीनू युगल बंदी द्वारा प्रस्तुत किया गया।

कक्षा-नवमीं के सभी नव प्रवेशी बच्चों को तिलक वंदन एवं पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए अतिथियों के कर कमलों द्वारा पुस्तक प्रदान कर एक अच्छे इंसान बनने की शुभकामनाएं एवं बधाइयां दिये। नव प्रवेशी बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन, माता-पिता में विश्वासजागृत करना एवं गुरु-शिष्य में मधुर संबंध स्थापित करना एवं नित नये आयाम लेकर दशा व दिशा का निर्धारण करना, नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कंडिकाओं का परिपालन करने का यह विशेष पर्व रहा। शाला प्रवेशोत्सव पर अतिथियों ने अपने



अनुभव के द्वारा बात को साझा करते हुए समाज को एक नई पहल, नई दिशा व नई किरणें बिखेरकर, नई आशाओं का दीप प्रज्ज्वलित करने हेतु नसीहत दी गई, ताकि हमेशा अपने जीवन में प्रकाश बिखेरकर समाज के दिशा में अनवरत कार्य करते रहे जो कि बहुत ही सराहनीय कदम रहा ।

नियमित शाला आने की प्रेरणा दी

शाला विकास समिति के अध्यक्ष श्री एली राम साहू के द्वारा हर रोज व नियमित साल आने हेतु प्रेरित किया गया साथ ही साथ एक किसान का दृष्टांत देते हुए सारगर्भित बातों को पल्लवित करने का प्रयास किया। साथ ही विशेष रूप से पर्यावरण शिक्षा एवं नशा मुक्ति गाँव हो पर प्रकाश डालें। ग्राम पंचायत के उप सरपंच पुखराज निषाद के द्वारा छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल में शत-प्रतिशत परीक्षा में उत्तीर्ण व बेहतर से बेहतर परिणाम लाने के लिए अग्रिम बधाइयाँ संप्रेषित किये।

संस्था के प्राचार्य के द्वारा अध्यक्षीय उद्बोधन में संज्ञानात्मक क्षेत्र के साथ-साथ एवं सहसंज्ञानात्मक क्षेत्र में भी विशेष योग्यता रखना, शिक्षक के द्वारा दिये गये कार्य को उचित व नियमित समय पर करने की बात कही। साथ ही साथ शाला के नियमों का पालन करते हुए शाला का नाम रोशन करने हेतु नसीहत दी गई। संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता श्री खूबचंद वर्मा के द्वारा कक्षा-नवमी में शत-प्रतिशत नामांकन एवं दाखिला, कोई भी बच्चे प्रवेश से वंचित न हो , शिक्षा के प्रति आधुनिक और पुरानी विचार धारा पर तुलनात्मक अध्ययन करते हुए अपना गंभीर विचार रखें और परीक्षा की तैयारी पर विशेष प्रकाश डालें एवं अन्य प्रवक्ताओं ने भी नव प्रवेशी बच्चों को शुभ संदेश देकर आशीर्वाद प्रदान किये।

एक पेड़ माँ के नाम पर अंजलि साहू एवं पायल सावलकर के द्वारा धर्मेंद्र कुमार श्रवण व्याख्याता (गणित) के द्वारा स्व-रचित प्रेरणा गीत चलो रे भाई आज लगाओ पेड़..को बेहतरीन लयबद्ध कर प्रस्तुत किया गया तदपस्चात अतिथियों के द्वारा एक पेड़ माँ के नाम पर जैसे अभियान को सफल बनाने हेतु दृढ़ संकल्पित होकर वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम का संचालन हिंदी प्रकोष्ठ के व्याख्याता जीएस कोर्राम ने किया

राज्यपाल पुरस्कृत व्याख्याता धर्मेंद्र कुमार श्रवण ने आभार प्रदर्शन करने के पूर्व विशेष सारगर्भित बातों पर प्रकाश डाले और कहा कि शिक्षा आयोग एवं नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 अन्य शिक्षा नीतियों का परिष्कृत व परिमार्जित रूप है जिसमें अच्छी बात को अपने जीवन पर आत्मसात करने का संदेश दिया अंत में नवोदित कलमकार श्रवण जी ने जीवन की बहती धारा में, नित आगे बढ़ना...काले बादल काल दिखाते, सोच समझ गढ़ना..सृजित कविता पाठ कर मंत्र मुग्ध करते हुए आभार प्रकट किया। प्रवेश उत्सव के इस पुनीत कार्यक्रम में व्याख्याता शिक्षक वृंद भीखम सिंह रावटे, डोमेन्द्र कुमार राणा, प्रदीप शुक्ल, मनमोहन धाकड़, रवि कृष्णानी, संजय खरे, श्रीमती सरोज सिंग वरिष्ठ व्याख्याता, रिबेका मड़के मैम जी, भूमिका पाटि , भीमा भारती खोब्रागड़े, सरिता उर्वशा, कविता गायकवाड़, सरिता यादव प्रियंका भट्ट, व्यायाम शिक्षक शिव वैद, जागेन्द्र सिंह अमरिया, अजीत शिव तिवारी एवं समस्त गुरुजन, शाला विकास समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य गण, छात्र पालकगण की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुई।



## कोड़ेकसा स्कूल में प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास से मनाया

**डौंडीलोहारा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़ेकसा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। राजाराम तारम जिला पंचायत सदस्य के मुख्य आतिथ्य व जनपद सदस्य जागेश्वर दर्रो, मेनलाल भूआर्य सरपंच, कैसराम जांगड़े प्रभारी प्राचार्य, पुरुषोत्तम लाल साहू , पूर्व सरपंच, सुधीर ठाकुर अध्यक्ष शाला विकास समिति, भरत लाल साहू, ओंकार सिंह ठाकुर चिंताराम यादव के विशिष्ट अतिथि में संपन्न हुआ। नव प्रवेशी बच्चों को पुस्तक वितरण कर एवं मिष्ठान खिलाकर अतिथियों ने शाला में प्रवेश दिलाये, मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य राजाराम तारम ने सभी बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने और मन लगाकर पढ़ाई करने पर बल दिया। इस कार्यक्रम में कक्षा नवमी, दसवीं के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया, गरिमा, दुर्गेश्वरी एवं साथी ने नृत्य प्रस्तुत किया एवं प्रीति ने भाषण प्रस्तुत किया तथा कक्षा सातवीं आठवीं से बच्चों ने मनमोहन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में परमेश्वर खरे सरपंच ग्राम पंचायत तुमडीकसा, रामेश्वर साहू, कल्याण गिरी, भाव सिंह वटी, विद्यालय के शिक्षक, तारणदास मानिकपुरी, गोपाल साहू , जयकांत पटेल ,खिलेश्वर रावते, प्रतिभा ताम्रकार प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला, गेंदसिंह खरे प्रधान पाठक प्राथमिक शाला, अकबर साहू सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे, कार्यक्रम का संचालन नंदकिशोर पिस्दा ने किया।

## मुंदेरा में विद्यालय प्रवेश उत्सव आयोजित किया



**बालोद/कलंगपुर।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला मुन्देरा में शाला प्रवेश उत्सव आयोजित किया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी छात्र छात्रओं का ग़ुलाल लगाकर व मुँह मीठा करवा के निःशुल्क पाठ्यपुस्तक व गणवेश वितरित किया गया।

संस्था प्रमुख ने स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से बताकर नवीन शिक्षा सत्र में शाला मर्ज़ की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर सरपंच प्रीति ग्वालियर ने नवप्रवेशी छात्रें को शुभकामनायें दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से शासन की महत्वकांक्षी योजना एक पेड़ माँ के नाम अभियान के क्रियान्वयन करते हुए शाला के बच्चों व जन समूह द्वारा सामुदायिक सहभागिता से पौधारोपण किया गया। साथ ही वृक्ष के देख रेख व संरक्षण की जिम्मेदारी भी ली गयी। इस अवसर पर सरपंच प्रीति ग्वालियर, उपसरपंच मीनू यादव, सेवानिवृत शिक्षक गौतम दिल्लीवार, धिराज राम साहू, गौतम धनकर, ऐसनी साहू, केसरी यादव, कौशल्या ठाकुर, अंजू सेन सहित पालक व विद्यालय के सभी स्टाफ उपस्थित थे।

## बेलोदी के शाला प्रवेश उत्सव में बच्चों का स्वागत कर मुंह मीठा कराया गया

**लाटाबोड़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलोदी में 25 जून बुधवार को शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की तैल चित्र पर ग़ुलाल लगाकर एवं सरस्वती वंदना कर किया गया ।

शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा नवमी में प्रवेश लेने वाले नवप्रवेशी छात्र छात्राओं का सामूहिक रूप से शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया जिसमें कक्षा के बच्चों का बाल देवो भवः के तर्ज पर ग़ुलाल लगाकर एवं मुंह मीठा कराकर स्वागत एवं सम्मान किया गया इसके पश्चात शाला के कक्षा पहली से बारहवीं तक के मेधावी छात्र छात्राओं का भी सम्मान अतिथियो के करकमलो द्वारा किया गया इस अवसर पर शाला विकास एवं प्रबंधन समिति शासकीय उच्चतर विद्यालय बेलोदी के अध्यक्ष श्यामलाल मंडावी ग्राम पंचायत बेलोदी के सरपंच कुमुदनी साहू शिक्षाविद मोहन लाल मंडावी सेवानिवृत शिक्षक डॉ विनोद खापरे सदस्य उपसरपंच हुलास राम साहू द्वारा





अपने उदबोधन में कहा कि विद्यार्थी जीवन हमारे जीवन का सबसे कीमती एवं महत्वपूर्ण क्षण होता है अतः इसका लाभ सभी बच्चों को लेना चाहिए सभी बच्चों को अनुशासन में रहकर एवं अपने लक्ष्य को निर्धारित कर कठिन मेहनत करने हेतु प्रेरित किया क्योंकि अनुशासित छात्र ही अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल होते है शाला के प्रभारी प्राचार्य रेणुका साहू ने शाला प्रवेश उत्सव के महत्त्व को विस्तार से बतलाते हुए शासन के द्वारा बच्चों को दी जा रही महत्वपूर्ण योजनाओं जिसमें निशुल्क पाठ्यपुस्तक निःशुल्क गणवेश निःशुल्क सरस्वती सायकल सम्बन्धी योजनाओं की जानकारी दी गई और नवप्रवेशी बच्चों को नियमित रूप से शाला आने एवं अनुशासन में रहकर अध्यापन करते हुए शाला को सहयोग प्रदान करने हेतु प्रेरित किए प्रवेश उत्सव के बाद कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यो एवं बच्चों के द्वारा पर्यावरण संरक्षण के उदेश्य से एक पेड़ माँ के नाम पर थलेश कुमार पटेल कुंती पटेल कक्षा ग्यारहवीं एवं डुमेश्वरी साहू मंजू साहू कक्षा दसवीं के द्वारा शाला परिसर में वृक्षारोपण किया गया इस अवसर पर दीनदयाल साहू विजय साहू उमेश साहू कामता प्रसाद हरिराम साहू होलेश्वर साहू पालकगण सहित शाला के सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे उपरोक्त कार्यक्रम का संचालन शाला के व्याख्याता नरेन्द्र कुमार साहू ने किया।

## तुलसी मानस प्रतिष्ठान की मनोनीत कार्यकारिणी ने किया शपथ ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

प्रदेश के सबसे बड़े धार्मिक एवं आध्यात्मिक संगठन श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़ के नव मनोनित पदाधिकारियों व कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण महोत्सव गुण्डरदेही के शारदा वाटिका में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय संत सुरक्षा परिषद छत्तीसगढ़ मंडल महंत राजिम संत उमेशानन्द गिरी, कामधेनु मंदिर भेंडी संरक्षक संत वीरेंद्र महाराज, पूर्व सांसद कांकेर मोहन मंडावी, समाज सेवी रायपुर नंद गुप्ता, अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, अध्यक्ष नगर पंचायत गुण्डरदेही प्रमोद जैन, कार्यकारी अध्यक्ष जगदलपुर दिप्ती पांडे, प्रतिष्ठान के पूर्व अध्यक्ष गोपाल वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष जगदीश देशमुख ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री राम तथा महाकवि तुलसी के छाया विग्रह का पूजा, अर्चना, वंदना, दीप प्रज्वलित एवं ध्वजारोहण कर किया गया। प्रतिष्ठान के सांगीतिक टीम लीलार सिन्हा, पुष्पा मिश्रा, रामकुमार साहू, राकेश साहू, राजेश कश्यप, दादू मानिकपुरी द्वारा श्रीराम एवं छत्तीसगढ़ महतारी वंदना प्रस्तुत कर की गई। **विभूतियों के नाम पर अलंकरण की घोषणा की:** प्रतिष्ठान के प्रदेश प्रवक्ता सीता राम साहू श्याम द्वारा आयोजित कार्यक्रम की आधार वक्तव्य प्रस्तुत किया गया। पश्चात संत उमेशानन्द गिरी द्वारा पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी को प्रतिष्ठान के प्रति निष्ठा एंव प्रतिबद्धता की शपथ दिलाई गई। अध्यक्षीय तथा स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष जगदीश देशमुख ने प्रतिष्ठान के कार्यों और उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्ष में तुलसी जयंती और मानस विभूतियों का अलंकरण महोत्सव जैसे दो प्रमुख आयोजन होंगे। इसी क्रम में मानस के नौ दिवंगत विभूतियों के नाम पर अलंकरण की घोषणा की गई। जिसमे श्री राम जननी माता कौशिल्या, प्रतिष्ठान के प्रथम अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शुक्ल, दाऊ रामचंद्र देशमुख, संत कवि पवन दीवान राजिम, स्वामी आत्माराम कुम्भज बालोद, गजानंद देवांगन गरियाबंद, दादा बली राम कश्यप बस्तर, बंशी लाल भारद्वाज बालोद तथा शशि कांत अवस्थी राजनांदगांव शामिल है। मुख्य वक्ता उमेशानंद गिरी ने कहा कि मानव और चरित्र निर्माण की दिशा में किए जा रहे कार्य अत्यंत अनुकरणीय है। वीरेंद्र महाराज ने कहा कि आज समाज में अधर्म और अन्याय चरम पर है तब प्रतिष्ठान द्वारा गांव गांव में राम कथा का आयोजन वंदनीय प्रयास है। मोहन मंडावी ने वनांचल में हो रहे धर्मांतरण पर प्रहार करते हुए कहा कि श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान वनांचल क्षेत्र में सर्वाधिक सक्रिय हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने श्री राम कथा को भारतीय संस्कृति का आदर्श बताया। समाज सेवी नंद गुप्ता ने रामचरित मानस को लोक जीवन का आदर्श ग्रंथ बताया तथा प्रमोद जैन ने कहा जहां भक्तों का चरण पड़ते है वहां भगवान स्वयं चले आते हैं, अथितियों द्वारा प्रतिष्ठान के वेबसाइट का शुभारंभ किया गया।



### उपस्थित रहे

कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रांतीय महामंत्री राजेंद्र ठाकुर, कोषाध्यक्ष छगन यदु, काशी राम जैन, प्रांतीय उपाध्यक्ष हृदय राम सोरी, रोहित जंघेल, श्याम चंद्रा, मुन्ना लाल देवदास, तामेश्वर साहू, दयानंद वर्मा, डॉ रेखराज साहू, प्रदीप कुलदीप, त्रेता चंद्राकर, जितेंद्र पटेल, कुंज लाल साहू, पुष्पा मिश्रा, लोकेश गायकवाड, जिलाध्यक्ष, लीलार सिन्हा, पोषण शुक्ला, गौरी शंकर यादव, राजेंद्र लोचन तिवारी, शीतल साहू, अनिल रजक, गुप्तेश्वर बघेल, गिरधर गिरी गोस्वामी, केआर गजबल्ला, संभाग प्रमुख, गुमान साहू, चिम्मन साहू, बुधमन साहू, चेतन दुलार देवांगन, बीआर बेलसर, डॉ लक्ष्मण उमरे, रोहित देशमुख, मंजू लाल धनकर, बलराम साहू, रामकुमार साहू, जयकांत पटेल, छबिलाल सार्वा, बंशी लाल साहू, निरंजन साहू, लालेश्वर साहू, लालेश्वर पटेल, पुसन साहू सहित बड़ी संख्या में प्रदेश भर से आए मानस मनीषी गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन मानस जी की आरती एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन त्रेता चंद्राकर एवं महासचिव राजेंद्र ठाकुर ने किया।

## बारिश से मिली से राहत, बोआई में जुटे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में शहर सहित कई ग्रामीण इलाकों में बुधवार शाम को हल्की बारिश हुई और गुरूवार सुबह सुबह शहर सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रें में बारिश देखने को मिला है। पिछले दो दिनों से दिनभर तापमान और उमस ने जहां लोगों को परेशान कर रखा था, वहीं बुधवार शाम के समय में राहत की बूंदें गिरने के बाद मौसम खुशनुमा हो गया।

शाम को करीब 5 बजे बदल घिरने लगे और कुछ देर बाद बूंदाबांदी शुरू हो गई, फिर रिमझिम बारिश का दौर शुरू हुआ। गुरुवार



को सुबह सुबह से होने वाली बारिश ने कई लोगों के काम काज को प्रभावित किया है। किसानों के लिए यह बारिश वरदान से कम नहीं है। गुरुवार को बारिश बंद होते ही किसान अपने अपने खेतों में पहुंच धान की बोवाई करते दिखे। अभी भी किसानों को अच्छी बारिश का इन्तजार हैं। खेती किसानी का काम जोरों पर हैं, वहीं ट्यूबवेल के साधन वाले किसान कहीं कहीं धान की रोपाई कार्य प्रारंभ कर चुके हैं। मौसम विभाग ने आज जिले में अच्छी बारिश की संभावना जताई है। इसके अलावा मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक अगले 48 घंटे तक जिले के कुछ इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

**न्यायालय तहसीलदार मार्री बंगला देवरी जिला बालोद छ.ग.**

ई-कोर्ट प्र.क्र. 202412240600038/ अ-6अ
ग्राम कुंआगांव प.ह.नं. 09 तह. मार्रीबंगला-देवरी
तीरथ राणा आ. श्रीराम एवं अन्य निवासी ग्राम कुंआगांव, प.ह.नं. 09 रा.नि.मं. अछोली तहसील मार्रीबंगला-देवरी जिला बालोद छ.ग ......... **आवेदक**

**विरूद्ध**

संजय कुमार आ. संजय वगैरह निवासी ग्राम कुंआगांव, प.ह.नं. 08 तहसील मार्रीबंगला-देवरी जिला बालोद छ.ग. ...... **अनावेदकगण**

इस न्यायालय के ई कोर्ट प्रकरण क्रमांक 202412240600038/ अ-6अ में आवेदक तीरथ राणा आ. श्रीराम एवं अन्य निवासी ग्राम कुंआगांव प.ह.नः 09 द्वारा अनावेदक संजय कुमार आ. संजय वगैरह निवासी ग्राम कुंआगांव प.ह.नं. 09 के विरूद्ध त्रुटि सुधार का प्रकरण विचाराधीन है। उक्त प्रकरण में निम्नानुसार अनावेदक :-

1. **संजय कुमार आ. संजय वगैरह**
2. **जयलाल आ. समारू**

दोनों निवासी नांहदा प.ह.नं. 08 तहसील मार्रीबंगला-देवरी जिला बालोद छ.ग. का सही निवास स्थान का पता नहीं होने के कारण उपरोक्त अनावेदक को राज्य स्तरीय दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि प्रकरण सुनवाई दिनांक 30.06.2025 तक न्यायालय में उपस्थित होवें। नियत तिथी तक उपस्थित नहीं होने पर समाचार पत्र को नोटिस तामिली माना जाकर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुहर से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार**
**मार्री बंगला देवरी**

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)


इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
(शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)
100% CAMPUS PLACEMENT
TEAM CREATIVE
मारूती इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
ग्राम - दानीटोला, पोस्ट - भैसबोड़, तहसील - डौंडी, जिला - बालोद (छ.ग.)
09229820000, 07470542137

**खबर संक्षेप**



## विद्यालय सिर्री में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया

**गुण्डरदेही।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिरएँ में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें सरपंच भारती देवांगन द्वारा नेवता भोज कराया गया तथा सभी बच्चों को पेन देकर प्रोत्साहित किया। साथ ही शासन से प्राप्त पुस्तक व युनिफॉर्म का वितरण किया गया। इस अवसर पर सरपंच भारती देवांगन, पूर्व सरपंच निर्मला पाटिल, अध्यक्ष कमलदेव ठाकुर, उपाध्यक्ष प्रभा यादव, शिक्षक सुकुरमुनी प्रधान, दुकेश मार्कंडेय गोकुल यादव, मनीष सिंह और पालकगण व ग्रामीण उपस्थित थे।

## सिकोसा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया



**गुण्डरदेही।** शासकीय प्राथमिक शाला सिकोसा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें ग्राम सिकोसा के जनप्रतिनिधि सरपंच प्रीतम ठाकुर, उपसरपंच संजय बारले, पंच उमा चौरे, पालक महेश महिलकर, मधु महादेवा चित्ररेखा पटेल, पूर्णिमा यादव, टिकेश्वरी साहू व शाला परिवार के प्रधानपठिका चन्द्रकान्ता ठाकुर, शिक्षिका ज्योति दिल्लीवार, गीता चंद्राकर, भूमिका देवांगन, मनीषा पटेल, मनीषा मेश्राम व नोमिस कुमार साहू उपस्थित रहे, शाला प्रवेश उत्सव में नवप्रवेशी बच्चों को चॉकलेट बिस्किट पैकेट के साथ पाठ्यपुस्तक गणवेश प्रदान किया गया। उपसरपंच संजय बारले ने पहली के बच्चों को व्यक्तिगत स्तर पर स्लेट व पेंसिल प्रदान कर उनको शुभकामनाएं दी, कार्यक्रम पश्चात एक पेड़ मां के नाम पर सभी सदस्य एवं शाला परिवार द्वारा पौधारोपण शाला प्रांगण में किया गया।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भाजपा कार्यकर्ता ने किया पुष्पांजलि अर्पित

**बालोद/कलंगपुर।** भारतीय जनता पार्टी मण्डल गुण्डरदेही के शक्ति केन्द्र कलंगपुर के अंतर्गत ग्राम भटगांव में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर शक्ति केन्द्र संयोजक भीखा राम साहू, सरपंच भारती साहू , हुमेश साहु, गणेशिया बाई साहू, कौशल्या बाई साहू, खिलेश्वरी साहू, गोमती बाई साहू सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा आज

**लाटाबोड़।** आज सुबह 10 बजे से न्यास श्री गौरैय्या सिद्ध सक्ति पीठ चौरेल से महाप्रभु भगवान श्री जगन्नाथ जी की भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी जो ग्राम चौरेल मोहलाई पैरी सकरी अरौद होते हुए अपने मौसी के घर ग्राम लताबोड़ मे विश्राम करेंगे गौरैय्या समिति के अध्यक्ष मोंटी नीतीश यादव ने बताया की प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पुरे हर्षोल्लास के साथ महाप्रभु जगन्नाथ की यात्रा गौरय्या मंदिर से प्रारम्भ होकर लताबोड़ मे विश्राम होगा।

**सियासत :** भाजपा मंडल अर्जुंदा ने की संगोष्ठी का आयोजन

# आपातकाल में हुई लोकतंत्र की हत्या, जिसके लिए कांग्रेस है दोषी : गुप्ता

हरिभूमि न्यज ▶▶| अर्जुन्दा

भाजपा मंडल अर्जुंदा द्वारा गुरुवार को राधा कृष्ण मंगलम भवन अर्जुंदा में आपातकाल काला दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष विश्वास गुप्ता ने कहा कि आज हम सब आपातकाल के काले इतिहास के विषय पर संगोष्ठी कर रहे है। लोकतांत्रिक मूल्यों की हत्या करने की दोषी कांग्रेस है।

देश में आपातकाल लगाकर कांग्रेस ने इसे स्वयं साबित किया था। गुप्ता ने कहा कि देश में आपातकाल का वह भयावह दौर और कांग्रेस की ऐसी सच्चाई से समूचे देश को बारंबार अवगत होना चाहिये। महज सत्ता में बने रहने के स्वार्थ में कांग्रेस ने देश को आपातकाल की बेड़ियों से जकड़ दिया था। भाजपा मंडल अर्जुंदा में आयोजित संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेंद्र जायसवाल के साथ जिला भाजपा उपाध्यक्ष नरेश यदु, पूर्व जनपद अध्यक्ष सालिक राम देशमुख शामिल हुए शामिल हुए। जहां देवेंद्र जायसवाल ने कहा कि आपातकाल भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का कलंक है। जिसे कांग्रेस के अत्याचारी शासन में देश व देशवासियों ने भोगा है। आपातकाल के संबंध में आज हिन्दुस्तान के प्रत्येक युवा और नागरिकों को जानना चाहिए।



### लाखों लोगों को रातों रात जेलों में बंद कर दिया

देवेंद्र जायसवाल कांग्रेस की तात्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी ने 25 जून 1975 को अपनी सत्ता बचाने के लिये समूचे देश को आपातकाल की कैद में डाल दिया था। लगातार 19 महीने चले आपातकाल में नागरिकों को बोलने की स्वतंत्रता नहीं थी। समाचारपत्रें में निष्पक्ष लिखने की स्पष्ट मनाही थी, लाखों लोगों को रातों रात जेलों में बंद कर दिया गया था। जिसने भी सरकार के विरुद्ध आवाज उठायी, उसे तत्काल गिरफ्तार किया जाता था। एक तानाशाही शासन कैसे होता है, यह कांग्रेस ने अपनी सरकार चलाने के लिये किया। कार्यक्रम का संचालन पंकज चौधरी व आभार संजय साहू ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से बुनकर प्रकोष्ठ जिला संयोजक चंद्रहास देवांगन, भाजपा उपाध्यक्ष युगल बोरकर, दौलत देशमुख, संजय साहू, कोषाध्यक्ष प्रदीप साहू, मंत्री दानेश्वर साहू, लेख नारायण तिवारी, संतोष, धर्मेंद्र निषाद, ओंकार सिन्हा, गिरधर निषाद, रजनीकांत शर्मा, खोमन चंद्राकर, जगनू राम ठाकुर, जगदेव देवांगन, बृजेश देवांगन चंद्रशेखर साहू, सतीश साहू, गिरीश पाटिल, ठाकुर राम, भुवनेश्वर प्रसाद, परमानंद देवांगन, निरंजन साहू, खिलेश्वरी साहू, बृजेश सोनी, देवेंद्र साहू, रमेश सोनी, विनोद सिन्हा, पालेश्वर देशमुख, जागेश्वर वैष्णव, हिंसाराम साहू, चुम्मन साहू, जयकिसन, खेलन दास, राजू सिन्हा, कमलेश्वर साहू, अजय साहू, प्रीतम निर्मलकर, खेमदास साहू, छबीलाल कोराम, राम मंडले, लादूराम, सुरेंद्र देवांगन, वीरेंद्र देवांगन, फागूवा राम निर्मलकर, मिश्रीलाल सिन्हा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### छायाचित्रों के माध्यम से याद किया गया आपातकाल

**बालोद।** देश में 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पूरा होने पर आज जिला मुख्यालय बालोद के टाउन हॉल में छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस छायाचित्र प्रदर्शनी में आपातकाल के दौरान घटित महत्वपूर्ण घटनाओं को सचित्र प्रदर्शित किया गया था। इस अवसर पर नगर पालिका बालोद के अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, जनपद पंचायत बालोद की अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया सहित राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि पवन साहू, राकेश यादव छोटू एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा, एसडीएम नूतन कंवर, डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर एवं अन्य अधिकारी–कर्मचारियों, गणमान्य नागरिकों एवं छात्र–छात्रओं सहित उपस्थित सभी लोगों ने छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन कर सराहना की। इस अवसर पर जनसंपर्क अधिकारी चन्द्रेश ठाकुर एवं जनसंपर्क के कर्मचारियों के द्वारा छायाचित्र प्रदर्शनी कक्ष में अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत भी किया गया।

### भाजपा की संगोष्ठी में आपातकाल की ज्यादतियों से लोकतंत्र आहत



डौंडी। कांग्रेस द्वारा 25 जून 1975 को देश भर में थोपे गये आपातकाल जिसमें कांग्रेस पार्टी के तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के द्वारा लोकतंत्र को कुचलकर आपातकाल के काले अध्याय को देशवासियों पर थोपा गया ,इस विषय पर गुरुवार को पुलिस ग्राउंड सामुदायिक भवन में 26 जून 2025 दिन गुरुवार को मंडल स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें

मुख्य वक्ता के रूप में श्याम जायसवाल की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रमुख वक्ता श्याम जायसवाल ने कहा कि25 जून 1975 को इंदिरा गांधी के द्वारा लगाए गए आपातकाल लागू कर देश भर में डर का माहौल बना कर जो भी आपातकाल का विरोध किया उनको जेलों में डालकर नजर बंद करने का काम किया गया था जिसमें देश विपक्षी पार्टी के नेताओं, पत्रकारों को नजर बंद , जबरदस्ती नसबंदी कराया जिसका विरोध विपक्षी नेताओं ने किया । प्रेस समाचार के बिजली काट दी गई एवं कांग्रेस की षड्यंत्र कारी राजनीति के खिलाफ कुछ भी छापने से दबाव बनाकर मना कर दिया गया ।

आपातकाल काल संगोष्ठी कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष डॉ. रुपेश कुमार नायक ने भी अपने स्वागत भाषण में आपातकाल की 50 वर्ष पूर्ण होने पर अपने विचार रखें, एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष मुकेश कोड़ों ने भी आपातकाल पर अपने विचार रखें एवं इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष मोहनतीन बाई चोरका,राधिका भारद्वाज, मंडल उपाध्यक्ष जगत यादव ,राजेंद्र नाहर मंडल महामंत्री महावीर ठाकुर, संजय सिंह ,कमलेश श्रीवास्तव ,निलेश जायसवाल, शिवराम रनघाटी , जनपद सदस्य रत्ना हिरवानी ,साधना सोरी एवं नगर पंचायत डौण्डी के पार्षद प्रशांत नेताम ,यदुनंदन देवहारी, अनिल निर्मलकर, अमेरिका ठाकुर, रजनी जयसवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर निकाली गई तिरंगा रैली






**बालोद।** जिला मुख्यालय बालोद के टाउन हॉल मे देश में 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पूरा होने पर संविधान काला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, नगर पालिका बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि चेमन देशमुख, जनपद पंचायत बालोद की अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, पवन साहू, केसी पवार, जनपद पंचायत गुरूर के उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू, राकेश यादव छोटू एवं नगर पालिका परिषद बालोद के पार्षदों के अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा समाज के सभी वर्ग के लोग कार्यक्रम में शामिल हुए।



इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि पवन साहू एवं केसी पवार के द्वारा आपातकाल तथा 25 जून 1975 को आपातकाल लगने के बाद देश में उत्पन्न परिस्थिति के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। समारोह में अतिथियों के द्वारा आपातकाल के दौरान जेल में सजा काटने वाले मीसा बंदी नेमसिंह साहू के अलावा मीसा बंदी स्व. शंकर गुहा नियोगी की धर्मपत्नी आशादेवी गुहा नियोगी, स्व. लोचन प्रसाद की धर्मपत्नी कमला देवी एवं स्व. केजूराम की धर्मपत्नी शैलदेवी को शॉल, श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों, छात्र–छात्रओं एवं आम नागरिकों के द्वारा देश के लोकतंत्र के प्रति अटूट आस्था व्यक्त करते हुए उनके समर्थन में तिरंगा रैली भी निकाली गई।

## ग्राम आज भँवरमरा में लाभ संतृप्ति शिविर

**बालोद।** धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत शुक्रवार 27 जून को जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम भँवरमरा में लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न स्थानों में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविरों के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित की गई है। इन क्षेत्रें में निवास करने वाले जनजातीय परिवार के लोगों को मुनादी एवं अन्य माध्यमों से शिविर आयोजन के जानकारी देने के साथ–साथ अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में उपस्थित होकर शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की गई है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि शुक्रवार 27 जून को डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम भँवरमरा में आयोजित शिविर में ग्राम अरजपुरी, भँवरमरा, केरीजुंगेरा, चिखली, बड़ा जुंगेरा, कोड़ेकसा, माईपारा, खड़बत्तर, झींकाटोला, पीपरखार ख, किल्लेकोड़ा, खोलझर, पिंगाल, भिमदो, लमती एवं तुमड़ीकसा के ग्रामीण शामिल होंगे।

## लंबित राजस्व प्रकरणों के शीघ्र गुणवत्तापूर्ण निराकरण को सुनिश्चित करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जनपद पंचायत डौण्डीलोहारा के सभागार में विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर राजस्व अधिकारियों को लंबित राजस्व प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक, एसडीएम डौण्डीलोहारा शिवनाथ बघेल, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित विकासखंड स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने डौण्डीलोहारा एवं मारएँ बंगला तहसील के लंबित राजस्व प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु की जा रही कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने परियोजना अधिकारी से सुपोषण अभियान के कार्यों के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने परियोजना अधिकारी को डौण्डीलोहारा विकासखण्ड में कुपोषण दर कम करने हेतु कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए खंड चिकित्सा अधिकारी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवरी में चिकित्सकों की स्थाई रूप से नियत समय पर ड्यूटी लगाने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही खण्ड चिकित्सा अधिकारी को सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक रूप से दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने को कहा। उन्होंने बैठक में कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे कृषकों को धान के अतिरिक्त अन्य फसल उत्पादन करने के लिए प्रोत्साहित करें।

उन्होंने विकासखंड शिक्षा अधिकारी को सभी शालाओं के सुचारू रूप से संचालन हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए। मिश्रा ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत निर्मित हो रहे आवासों में अनिवार्य रूप सोख्ता पीट निर्माण कराने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने आवास निर्माण के कार्य को समय पर कार्य पूरा कराने के निर्देश भी संबंधितों को दिए। बैठक में उन्होंने सहकारिता विभाग के अधिकारियों से कहा कि वे किसानों की मांग के अनुरूप सोसायटी में खाद एवं बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

### संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में निर्धारित स्थानों पर ही वाहन खड़े करने के निर्देश : अपर कलेक्टर

**बालोद।** अपर कलेक्टर ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में वाहनों के सुव्यस्थित पार्किंग हेतु निर्देश जारी किया है। जिसके अंतर्गत संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में वाहनों के पार्किंग हेतु स्थान निर्धारित किया गया है। निर्धारित स्थानों पर पार्किंग नहीं जाए जाने पर संबंधित वाहन चालकों के विरूद्ध परिवहन नियमों के तहत की चालानी कार्यवाही की जाएगी। जारी निर्देश में संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में दो पहिया वाहनों के पार्किंग हेतु संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सामने बाउंड्री वॉल के समीप तथा चार पहिया वाहन हेतु संयुक्त जिला कार्यालय भवन के दांए तरफ डॉ. भीमराव अंबेडकर के सामने वाहन पार्किंग किया जा सकता है। इसके साथ ही संयुक्त जिला कार्यालय भवन के पीछे पार्किंग स्थल भी बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि संयुक्त जिला कार्यालय बालोद में कलेक्टर कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं अन्य विभिन्न कार्यालय संचालित है। वाहनों को कार्यालय के सामने कहीं भी अव्यवस्थित ढंग से पार्किंग कर दिया जाता है। आगामी कार्य दिवसों में निर्धारित स्थान पर वाहनों का पार्किंग सुनिश्चित करने को कहा है।

## छग विधानसभा षष्टम सत्र 14 से 18 जुलाई तक, अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश पर रहेगा प्रतिबंध

**बालोद।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का षष्टम सत्र 14 जुलाई 2025 से 18 जुलाई 2025 तक आहूत किया गया है। जिसके अंतर्गत विधानसभा पंचम सत्र के दौरान अधिकारी–कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिंबध रहेगा। अपर कलेक्टर ने बताया कि विधानसभा के षष्टम सत्र के दौरान वांछित जानकारी शासन को यथा शीघ्र समयावधि में भेजने हेतु अधिकारी–कर्मचारियों को मुख्यालय में उपस्थित रहना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि विधानसभा षष्टम सत्र 2025 के दौरान कलेक्टर के बिना पूर्व अनुमति के अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे और न ही मुख्यालय से बाहर रहेंगे। इसके साथ ही कार्यालय में एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति करते हुए उनके नाम, पदनाम, दूरभाष एवं मोबाईल नंबर की जानकारी इस कार्यालय को तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। छत्तीसगढ़ षष्टम विधानसभा का षष्टम सत्र के दौरान अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिनका मोबाईल नंबर 9152050000 तथा अधीक्षक अश्वनी नायक को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिनका मोबाईल नंबर 9406204216 है।

## स्कूल में नशा मुक्ति दिवस पर जागरूकता हुआ कार्यक्रम

**डौंडीलोहारा।** नशा मुक्ति दिवस के पावन अवसर पर गुरुवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बड़गांव में नशा से होने वाले नुकसान के बारे में पीलू राम साहू शिक्षक के द्वारा विस्तार से बताया गया और भविष्य में कभी भी किसी प्रकार का नशा नहीं करने हेतु संकल्प दिलाया गया। सोचो समझो बचो नशे से जीवन जियो बड़े मजे से।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, कैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## 50 बिस्तर अस्पताल खुला, पर सेटअप अधूरा होने से मरीजों को लाभ नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

डौंडी लोहारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जीवनदीप समिति की बैठक रखी गयी ।बैठक में समिति के अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक श्रीमती अनिला भेड़िया आजीवन सदस्य बनी, साथ ही अनिल लोढ़ा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य भी जीवनदीप समिति के सदस्य बने। श्रीमती अनिला भेड़िया जी ने समस्त सदस्यों एवं अधिकारी कर्मचारी से भी आव्हान किया कि आजीवन सदस्य या वार्षिक सदस्य आवश्यक रूप से बनें, ताकि इस क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं में आने वाली दिक्कतों को आसानी से दूर किया जा सके, बैठक में मुख्य रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोहारा की समस्याओं पर भी चर्चा की गई जिसमें 50 बिस्तर अस्पताल तो खुल चुका है लेकिन उसका सेटअप अभी तक नहीं आ पाना क्षेत्र के लिए नुकसानदायक है। यहां पर 2 वर्ष के लिए शासन के द्वारा डॉक्टर नियुक्त



किए जाते हैं लेकिन वे सभी गायब हैं । अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ ,वार्ड बॉय की भी कमी है जिसे डीएमएफ के द्वारा भर्ती करने की बात जिला प्रशासन हमेशा से करता रहा है लेकिन भर्ती अब तक नहीं हुई है जिससे अस्पताल में इलाज कराने दूर दराज से आए हुए लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है । बैठक में इस बात का निर्णय लिया गया की दवाइयों के उचित रखरखाव के लिए भंडार गृह में यदि आवश्यक हो तो एयर कंडीशनर लगाने का प्रस्ताव पास किया गया। साथ ही फार्मासिस्ट की नियुक्ति भी की गई जिससे लोगों को समय पर सही दवा उपलब्ध हो सके, समिति के द्वारा नियुक्त कर्मियों के द्वारा लगातार अपने वेतन बढ़ाने की मांग की जा रही थी समिति के द्वारा सह्दयता दिखाते हुए उनके वेतन में 500 की बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया गया। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता संसाधनों की उपलब्धता चिकित्सा उपकरणों की स्थिति तथा रोगियों को मिलने वाली सुविधाओं की समीक्षा की गई अस्पताल परिसर की साफ सफाई दवाइयां की उपलब्धता और प्रसव पूर्व एवं बाद सेवा में सुधार लाने हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक बेहतर करने के लिए विधायक एवं जीवनदीप समीति के अध्यक्ष ने स्वास्थ्य मंत्री एवं माननीय मुख्यमंत्री से मिलकर सुविधाओं के विस्तार करने के लिए चर्चा करने का आश्वासन दिया। जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देना हमारी प्राथमिकता है इस दिशा में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
रिजर्वेशन कोच
14 जुलाई, 13 अगस्त , 10 सितंबर, 24 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर , 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशिः-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411